
# चम्पारण ज्ञानाग्रह

**प्रार्थना-सभा सामग्री, दिनांक– 13 जनवरी 2026, अंक –191**


**प्रस्तुतिः- GOVT. PS बोदसर, बगहा-2, प. चम्पारण (10010803702)**

**सौजन्य :- "TEACHERS OF BIHAR - THE CHANGE MAKERS."**




"समय किसी का इंतजार नहीं करता।"
— बेंजामिन फ्रैंकलिन

एक प्रयास



विद्यार्थियों की बौद्धिक और नैतिक उन्नति की ओर....

**संपादक:- शैलेन्द्र कुमार**



www.teachersofbihar.org

# "प्रार्थना-सभा सामग्री"

## Tuesday Prayer

हर देश में तू, हर भेष में तू,
तेरे नाम अनेक तू एक ही है,
तेरे नाम अनेक तू एक ही है।
तेरी रंगभूमि, यह विश्व भरा,
सब खेल में, मेल में तू ही तो है॥

सागर से उठा बादल बनके,
बादल से फटा जल हो करके।
फिर नहर बनी नदियाँ गहरी,
तेरे भिन्न स्वरूप, तू एक ही है॥

हर देश में तू, हर भेष में तू,
तेरे नाम अनेक तू एक ही है,
तेरे नाम अनेक तू एक ही है।

चींटी से भी अणु-परमाणु बना,
सब जीव-जगत् का रूप लिया।
कहीं पर्वत-वृक्ष विशाल बना,
सौंदर्य तेरा, तू एक ही है ॥

हर देश में तू, हर भेष में तू,
तेरे नाम अनेक तू एक ही है,
तेरे नाम अनेक तू एक ही है।

यह दिव्य दिखाया है जिसने,
वह है गुरुदेव की पूर्ण कृपा।
तुकड़िया कहे कोई न और दिखा,
बस मैं और तू सब एकही है॥

हर देश में तू, हर भेष में तू,
तेरे नाम अनेक तू एक ही है,
तेरे नाम अनेक तू एक ही है।
तेरी रंगभूमि, यह विश्व भरा,
सब खेल में, मेल में तू ही तो है॥

## बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार ,
तुझको शत-शत वंदन बिहार..!

तू वाल्मीकि की रामायण
तू वैशाली का लोकतंत्र,
तू बोधिसत्व की करूणा है
तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप
तू हीं अक्षत चंदन बिहार

तू है अशोक की धर्मध्वजा
तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह
तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि
धरती का नंदन वन बिहार।

तेरी गौरव गाथा अपूर्व
तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान
अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार
मेरे भारत के कंठहार ॥

## राष्ट्रीय गीत

वन्दे मातरम्।
सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम्
शस्यश्यामलां मातरम्।
वंदे मातरम् !
शुभ्रज्योत्स्नां पुलकितयामिनीम्
फुल्लकुसुमित द्रुमदलशोभिनीम्
सुहासिनीं सुमधुर भाषिणीम्
सुखदां वरदां मातरम्।।
वन्दे मातरम्।

## राष्ट्रगान

जन-गण-मन अधिनायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा
द्रविड़-उत्कल-बंग।
विंध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा
उच्छल-जलधि-तरंग।
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मांगे,
गाहे तव जय-गाथा।
जन-गण-मंगलदायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय जय हे।।



**संकलन:-**
**शैलेन्द्र कुमार**
**प्रधान शिक्षक**
**Govt. PS बोदसर,**
**बगहा-2**

# संविधान की प्रस्तावना

हम, भारत के लोग,
भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को: सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई० (मिति मार्ग शीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

# मौलिक अधिकार

1. "समता का अधिकार (Right to Equality.)" - अनुच्छेद 14–18
2. "स्वतंत्रता का अधिकार - (Right to Freedom.)" - अनुच्छेद 19–22
3. "शोषण के विरुद्ध अधिकार (Right against Exploitation.)" - अनुच्छेद 23–24
4. "धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (Right to Freedom of Religion.)" - अनुच्छेद 25–28
5. "संस्कृति एवं शिक्षा संबंधी अधिकार (Cultural and Educational Right.)" - अनुच्छेद 29–30
6. "संवैधानिक उपचारों का अधिकार (Right to Constitutional Remedies.)" - अनुच्छेद 32

# मौलिक कर्तव्य

अनुच्छेद 51(क) – मौलिक कर्तव्य:
भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह –
(1.) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे;
(2.) स्वतन्त्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आन्दोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे;
(3.) भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे;
(4.) देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे;
(5.) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो; ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं;
(6.) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्त्व समझे और उसका परिरक्षण करे;
(7.) प्राकृतिक पर्यावरण, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, की रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखे;
(8.) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे;
(9.) सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करे और हिंसा से दूर रहे;
(10.) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे जिससे राष्ट्र निरन्तर बढ़ते हुए प्रयत्नों द्वारा उन्नति की नई ऊँचाइयों को छू ले;
(11.) यदि वह माता-पिता या संरक्षक है, तो छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति, बच्चे या प्रतिपाल्य को शिक्षा के अवसर प्रदान करे।

# वर्ग:- प्राथमिक (1 - 5) के लिए

# सामान्य-ज्ञान

प्रश्न 1: महाराष्ट्र की राजधानी कहाँ है?
उत्तर:मुंबई
प्रश्न 2: चंद्रमा पर कदम रखने वाले पहले व्यक्ति कौन थे?
उत्तर:नील आर्मस्ट्रांग
प्रश्न 3: पठानी सूट और फुलकारी कढ़ाई किस राज्य/क्षेत्र की पारंपरिक पोशाक/कला है?
उत्तर:पंजाब
प्रश्न 4: रोमन अंकों में 10 कैसे लिखा जाता है?
उत्तर:X
प्रश्न 5: बिहार की राजधानी कहाँ है?
उत्तर:पटना
प्रश्न 6: भारत का पहला राष्ट्रीय उद्यान कौन सा है?
उत्तर:जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान,उत्तराखंड (1936 ई० में स्थापित)
प्रश्न 7: गुरुत्वाकर्षण की खोज किसने की?
उत्तर:सर आइजक न्यूटन
प्रश्न 8: भारत के राष्ट्रपति का कार्यकाल कितने वर्ष का होता है?
उत्तर:5 वर्ष
प्रश्न 9: 'यश' का पर्यायवाची शब्द बताइए।
उत्तर:कीर्ति, प्रतिष्ठा, ख्याति
प्रश्न 10: सौरमंडल का सबसे गर्म ग्रह कौन सा है?
उत्तर:शुक्र

संकलन:-



पिन्टू कुमार
विद्यालय अध्यापक
UHS रामपुर, बगहा-2

# शब्द - संगम

1. Shout – (शाउट) – चिल्लाना
2. Whisper – (व्हिस्पर) – फुसफुसाना
3. Argue – (आर्ग्यू) – बहस करना
4. Agree – (अग्री) – सहमत होना
5. Disagree – (डिसअग्री) – असहमत होना
6. Explain – (एक्सप्लेन) – समझाना
7. Describe – (डिस्क्राइब) – वर्णन करना
8. Spell – (स्पेल) – वर्तनी बताना



संकलन:-
सौरभ कुमार
विद्यालय अध्यापक
Govt. UMS गोईती
बगहा-2, प. चम्पारण

# "सामान्य-ज्ञान"(वर्ग:6-12)

1. 13 जनवरी को कौन सा विश्व दिवस मनाया जाता है? (दिवस ज्ञान)
उत्तर: विश्व हस्तलेखन दिवस
व्याख्या: प्रतिवर्ष 13 जनवरी को विश्व हस्तलेखन दिवस (World Handwriting Day) मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य हस्तलेखन की कला के महत्व को बढ़ावा देना और डिजिटल युग में इसके संरक्षण की आवश्यकता के प्रति जागरूकता फैलाना है। यह दिवस शैक्षणिक, संज्ञानात्मक और सृजनात्मक विकास में हस्तलेखन के योगदान को रेखांकित करता है। संदर्भ: UNESCO Associated Observances, 2026।

2. जनवरी 2026 में भारत सरकार ने "स्मार्ट सिटीज मिशन 2.0" के तहत किस शहर को प्रथम रैंक दी? (समसामयिकी)
उत्तर: इंदौर (मध्य प्रदेश)
व्याख्या: आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी रैंकिंग में इंदौर को स्मार्ट सिटीज मिशन 2.0 (2026) में प्रथम स्थान दिया गया। यह मूल्यांकन नागरिक सुविधाओं, स्वच्छता, डिजिटल शासन, सतत परिवहन और पर्यावरण प्रबंधन जैसे मापदंडों पर आधारित था।
संदर्भ: आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय, जनवरी 2026।

3. "A Suitable Boy" पुस्तक के लेखक कौन हैं? (पुस्तक-लेखक)
उत्तर: विक्रम सेठ
व्याख्या: विक्रम सेठ द्वारा लिखित "A Suitable Boy" (1993) आधुनिक भारतीय साहित्य का एक महाकाव्यात्मक उपन्यास है, जो स्वतंत्रता के बाद के भारत के सामाजिक, राजनीतिक और पारिवारिक जीवन का विस्तृत चित्रण करता है। यह चार परिवारों की कहानी के माध्यम से देश के सांस्कृतिक ताने-बाने को दर्शाता है।
संदर्भ: Penguin Random House India (2026)।

4. "प्रोजेक्ट एलिफेंट" किस वर्ष शुरू किया गया? (पर्यावरण)
उत्तर: 1992
व्याख्या: पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रोजेक्ट एलिफेंट की शुरुआत 1992 में हाथियों और उनके आवासों के संरक्षण के लिए की गई थी। यह परियोजना मानव-हाथी संघर्ष को कम करने, हाथी गलियारों को सुरक्षित करने और हाथी संरक्षण केंद्र स्थापित करने पर केंद्रित है।
संदर्भ: NCERT Class 8 Geography, Ch 2 Land, Soil, Water, Natural Vegetation and Wildlife Resources, p. 27।

5. "स्वतंत्रता संग्राम में 'काकोरी कांड'" किस वर्ष हुआ? (इतिहास)
उत्तर: 1925
व्याख्या: काकोरी कांड 9 अगस्त 1925 को हुआ, जब हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के क्रांतिकारियों ने लखनऊ के पास काकोरी स्टेशन से सरकारी खजाना ले जा रही ट्रेन को लूट लिया। इस कांड में राम प्रसाद 'बिस्मिल', अशफाक उल्ला खान, राजेंद्र लाहिड़ी और रोशन सिंह जैसे प्रमुख क्रांतिकारी शामिल थे।
संदर्भ: NCERT Class 8 History, Ch 9 The Making of the National Movement: 1870s-1947, p. 112।

# "सामान्य-ज्ञान"

6. "सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला" किस राज्य में स्थित है? (भूगोल)
उत्तर: मध्य प्रदेश
व्याख्या: सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला भारत के मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात राज्यों में फैली हुई है। यह श्रृंखला नर्मदा नदी के दक्षिण और ताप्ती नदी के उत्तर में स्थित है तथा अपनी समृद्ध जैव विविधता और पचमढ़ी जैसे हिल स्टेशनों के लिए प्रसिद्ध है।
संदर्भ: NCERT Class 9 Geography, Ch 2 Physical Features of India, p. 16।

7. भारतीय संविधान का "अनुच्छेद 51A" किससे संबंधित है? (संविधान)
उत्तर: मौलिक कर्तव्य
व्याख्या: अनुच्छेद 51A भारतीय संविधान में मौलिक कर्तव्यों को सूचीबद्ध करता है, जिन्हें 42वें संविधान संशोधन (1976) द्वारा जोड़ा गया था। इसमें संविधान का पालन करना, राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रगान का सम्मान करना, प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा करना और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना जैसे 11 कर्तव्य शामिल हैं।
संदर्भ: NCERT Class 11 Political Science, Ch 2 Rights in the Indian Constitution, p. 48।

8. "विद्युत धारा का SI मात्रक" क्या है? (विज्ञान)
उत्तर: एम्पियर (A)
व्याख्या: विद्युत धारा का अंतर्राष्ट्रीय मात्रक (SI Unit) एम्पियर (A) है, जिसका नाम फ्रांसीसी भौतिक विज्ञानी आंद्रे-मैरी एम्पियर के नाम पर रखा गया है। एक एम्पियर वह धारा है जो एक सेकंड में एक कूलॉब आवेश की प्रवाह दर के बराबर होती है।
संदर्भ: NCERT Class 10 Science, Ch 12 Electricity, p. 200।

9. "गरबा नृत्य" किस राज्य से संबंधित है? (कला एवं संस्कृति)
उत्तर: गुजरात
व्याख्या: गरबा गुजरात का एक पारंपरिक लोक नृत्य है, जो नवरात्रि उत्सव के दौरान विशेष रूप से किया जाता है। यह नृत्य देवी दुर्गा के सम्मान में किया जाता है और इसमें एक वृत्त में घूमते हुए हाथों की ताली और पैरों की थाप के साथ लोक गीत गाए जाते हैं।
संदर्भ: NCERT Class 7 History, Ch 9 The Making of Regional Cultures, p. 132।

10. बिहार का "वाल्मीकि टाइगर रिजर्व" किस जिले में स्थित है? (बिहार GK)
उत्तर: पश्चिम चंपारण
व्याख्या: वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (VTR) बिहार के पश्चिम चंपारण जिले में स्थित है और यह राज्य का एकमात्र बाघ अभयारण्य है। यह नेपाल के चितवन नेशनल पार्क से सटा हुआ है और गंडक नदी बेसिन में स्थित इस अभयारण्य में बाघ, गैंडा, हिरण आदि वन्यजीव पाए जाते हैं।
संदर्भ: Bihar Board Class 10 Social Science, Ch 8 Natural Vegetation and Wildlife, p. 69।

# "सामान्य-ज्ञान"

11. "स्कूल सुरक्षा नीति" के अनुसार, "स्कूल सेफ्टी कमेटी" की बैठक कितने समय अंतराल पर होनी चाहिए? (विद्यालय सुरक्षा)
उत्तर: प्रति माह (मासिक)
व्याख्या: मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के दिशानिर्देशों के अनुसार, प्रत्येक विद्यालय में गठित 'स्कूल सेफ्टी कमेटी' की बैठक प्रतिमाह (मासिक) आयोजित की जानी चाहिए। इन बैठकों में सुरक्षा समीक्षा, ड्रिल आयोजन, उपकरणों की जाँच और नई सुरक्षा योजनाओं पर चर्चा होती है।
संदर्भ: Bihar SDMA स्कूल सुरक्षा मैनुअल 2025, अध्याय 2, पृष्ठ 10।

12. एक निश्चित कोड भाषा में, "GARDEN" को "SGXFVM" लिखा जाता है। उसी कोड में "FLOWER" को कैसे लिखा जाएगा? (मानसिक योग्यता)
उत्तर: UOLDVI
व्याख्या: यहाँ प्रत्येक अक्षर को उसके विपरीत अक्षर से बदला गया है (A→Z, B→Y, C→X ...): G (विपरीत→T) → S (अगला), A (विपरीत→Z) → G (अगला), R (विपरीत→I) → X (अगला) D (विपरीत→W) → F (अगला), E (विपरीत→V) → V (अगला), N (विपरीत→M) → M (अगला) FLOWER के लिए:, F (विपरीत→U) → U, L (विपरीत→O) → O, O (विपरीत→L) → L, W (विपरीत→D) → D, E (विपरीत→V) → V, R (विपरीत→I) → I संदर्भ: Logical

GK संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर
बगहा-2, प. चम्पारण ।



अनुभाग-4

# -: शब्द - संगम :-

1.Mysterious (मिस्टेरियस) = Strange (स्ट्रेंज) = रहस्यमय
Antonym – Clear (क्लियर) = स्पष्ट
2.Victorious (विक्टोरियस) = Successful (सक्सेसफुल) = विजयी
Antonym – Defeated (डिफीटेड) = पराजित
3.Magnificent (मैग्निफिसेंट) = Splendid (स्प्लेंडिड) = भव्य
Antonym – Ordinary (ऑर्डिनरी) = साधारण
4.Grateful (ग्रेटफुल) = Thankful (थैंकफुल) = आभारी
Antonym – Ungrateful (अनग्रेटफुल) = कृतघ्न
5.Ancient (एन्शिएंट) = Olden (ओल्डन) = प्राचीन
Antonym – Modern (मॉडर्न) = आधुनिक



~: संकलन :~
घनश्याम प्रसाद
प्रधान शिक्षक
Govt. PS सिधाव थारुटोला
बगहा-2 , प. चम्पारण ।

# "आज का अख़बार"

## NATIONAL NEWS

1. Prasar Bharati launches "Creator's Corner" on DD News for digital creators.
प्रसार भारती ने डीडी न्यूज़ पर डिजिटल क्रिएटर्स के लिए "क्रिएटर्स कॉर्नर" लॉन्च किया।
प्रसार भारती ने डीडी न्यूज़ पर "क्रिएटर्स कॉर्नर" नामक नया सेगमेंट शुरू किया है, जो उभरते डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स के लिए राष्ट्रीय मंच प्रदान करेगा तथा ऑरेंज इकोनॉमी को मजबूत करने में सहायक होगा। यह मीडिया क्षेत्र में सुधारों का हिस्सा है।

2. Union Home Minister Amit Shah inaugurates National IED Data Management System (NIDMS).
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय आईईडी डेटा प्रबंधन प्रणाली (एनआईडीएमएस) का उद्घाटन किया।
राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड की एनआईडीएमएस को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अमित शाह ने लॉन्च किया, जो विस्फोटक उपकरणों से संबंधित डेटा को प्रबंधित कर सुरक्षा को मजबूत करेगा।

3. Tamil Nadu unveils India's first deep tech startup policy.
तमिलनाडु ने भारत की पहली डीप टेक स्टार्टअप नीति जारी की।
तमिलनाडु सरकार ने नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देने वाली भारत की पहली डीप टेक स्टार्टअप नीति लॉन्च की, जो स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करेगी।

## INTERNATIONAL NEWS

4. Trump considers 'very strong' military options amid Iran protests killing hundreds.
ईरान विरोध में सैकड़ों मौतों के बीच ट्रंप 'बहुत मजबूत' सैन्य विकल्पों पर विचार कर रहे हैं।
ईरान में सैकड़ों प्रदर्शनकारियों की मौत के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि ईरान "अमेरिका से पीटे जाने से थक गया है" तथा मजबूत सैन्य कार्रवाई पर विचार हो रहा है।

5. US Justice Department opens criminal probe into Fed Chair Jerome Powell.
अमेरिकी न्याय विभाग ने फेड चेयर जepoм पॉवेल पर आपराधिक जांच शुरू की।
ट्रंप के ब्याज दरें घटाने की मांग ठुकराने के बाद फेड चेयर पॉवेल पर अभूतपूर्व आपराधिक जांच शुरू हुई।

6. Sudan's government returns to Khartoum after nearly 3 years of war.
लगभग 3 वर्ष युद्ध के बाद सूडान सरकार खार्तूम लौटी।
सैन्य समर्थित सरकार अपने अर्धसैनिक प्रतिद्वंद्वी द्वारा खदेड़े जाने के बाद खार्तूम में लौटी।

## BIHAR NEWS

7. BPSC aspirants gear up for daily current affairs updates on key state developments.
बीपीएससी अभ्यर्थी राज्य के प्रमुख विकास पर दैनिक करेंट अफेयर्स अपडेट के लिए तैयार।
बिहार के लिए दैनिक करेंट अफेयर्स सत्रों में एईडीओ, 72वें बीपीएससी प्रीलिम्स एवं मेन्स के लिए महत्वपूर्ण राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय घटनाओं पर फोकस किया गया।

8. Drishti IAS releases Bihar-specific current affairs for BPSC Exam on Jan 12.
दृष्टि आईएएस ने 12 जनवरी को बीपीएससी परीक्षा के लिए बिहार-विशेष करेंट अफेयर्स जारी किया।
बीपीएससी परीक्षा तैयारी के लिए दैनिक बिहार समाचार, सिलेबस और अध्ययन सामग्री प्रदान की गई।

## SPORTS NEWS

9. Hockey India League double-header: SG Pipers vs Hyderabad Toofans, HIL GC vs Tamil Nadu Dragons.
हॉकी इंडिया लीग डबल हेडर: एसजी पाइपर्स बनाम हैदराबाद टूफान्स, एचआईएल जीसी बनाम तमिलनाडु ड्रैगन्स।
पुरुष एचआईएल में दो मैच: शाम 5 बजे एसजी पाइपर्स बनाम हैदराबाद टूफान्स तथा 7:30 बजे एचआईएल जीसी बनाम तमिलनाडु ड्रैगन्स।

10. Asian Shooting Championship continues in Doha with Indian participation.
दोहा में एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप जारी, भारतीय सहभागिता के साथ।
शॉटगन श्रेणी में कतर के दोहा में एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप चल रही है, जिसमें भारतीय निशानेबाज भाग ले रहे हैं।



संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
रा.प्रा.वि. बोदसर,
बगहा-2, प. चम्पारण ।

आइए, मिलकर बच्चों के भविष्य को सिर्फ़ सूचना से नहीं, समझ से सशक्त करें। 🌱📘

अनुभाग-6

## प्रेरक निबंध

# "लोकपर्व और हमारी संस्कृति"

## (लोहड़ी: परिश्रम, प्रकृति और एकता का पर्व)

लोहड़ी 13 जनवरी को मनाया जाने वाला एक प्रसिद्ध लोकपर्व है। यह पर्व विशेष रूप से उत्तर भारत में बड़े उत्साह और आनंद के साथ मनाया जाता है। लोहड़ी हमें प्रकृति के साथ जुड़ना, परिश्रम का सम्मान करना और मिल-जुलकर खुशियाँ बाँटना सिखाती है।

लोहड़ी के दिन लोग अलाव जलाते हैं। अलाव के चारों ओर इकट्ठा होकर मूंगफली, रेवड़ी और तिल से बने पकवान अर्पित किए जाते हैं। यह अग्नि ठंड से राहत देने के साथ-साथ हमें सुरक्षा और सावधानी का संदेश भी देती है। बच्चों को सिखाया जाता है कि आग से दूरी बनाए रखें और बड़ों की देखरेख में ही उत्सव मनाएँ।

यह पर्व किसानों के लिए विशेष महत्व रखता है। महीनों की मेहनत के बाद फसल तैयार होती है, और लोहड़ी पर किसान अपने परिश्रम के लिए प्रकृति का धन्यवाद करते हैं। इससे हमें यह सीख मिलती है कि सफलता मेहनत से ही मिलती है और हर उपलब्धि के पीछे श्रम छिपा होता है।

लोहड़ी केवल उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक एकता का प्रतीक भी है। इस दिन लोग अपने भेदभाव भूलकर साथ नाचते-गाते हैं। बच्चे, बड़े और बुजुर्ग —सब एक साथ खुशी मनाते हैं। इससे भाईचारा, सहयोग और आपसी प्रेम बढ़ता है।

आज के समय में लोहड़ी हमें यह भी याद दिलाती है कि ठंड के मौसम में हमें अपनी और दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए। गर्म कपड़े पहनना, जरूरतमंदों की मदद करना और सावधानी बरतना भी इस पर्व का सच्चा संदेश है।

इस प्रकार, लोहड़ी हमें सिखाती है कि प्रकृति का सम्मान करें, परिश्रम का मूल्य समझें और मिल-जुलकर सुरक्षित व खुशहाल जीवन जीएँ।




.................✍️

**मनोज कुमार**

प्रधानाध्यापक

रा.म.वि.वाल्मीकिनगर

बगहा 2, प. चम्पारण।

अनुभाग-7

# "शिक्षक संवर्धन"

## "शिक्षा" – शिक्षा वास्तव में क्या है?

13.01.2025

शिक्षा शब्द सुनते ही हमारे मन में स्कूल, किताब, परीक्षा या डिग्री की तस्वीर आ जाती है। लेकिन सच यह है कि शिक्षा इन सबसे कहीं अधिक व्यापक और जीवन से जुड़ी हुई प्रक्रिया है।

सरल शब्दों में कहें तो—

👉 शिक्षा वह प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से मनुष्य अपने जीवन को बेहतर ढंग से जीना सीखता है।

शिक्षा केवल पढ़ना–लिखना सिखाने का नाम नहीं है। यह हमें सोचने, समझने, सही–गलत पहचानने, निर्णय लेने और समाज में जिम्मेदार नागरिक बनने की क्षमता देती है। एक बच्चा जब बोलना सीखता है, बड़ों का सम्मान करना सीखता है, समय पर काम करना सीखता है—वह भी शिक्षा ही है।

📌 शिक्षा कैसे होती है?

शिक्षा तीन स्तरों पर होती है—

घर में – माता-पिता से संस्कार, व्यवहार और भाषा सीखना

विद्यालय में – विषय ज्ञान, अनुशासन, सहयोग और नियम

जीवन से – अनुभव, सफलता–असफलता और परिस्थितियाँ

📘 एक बहुत सरल उदाहरण

मान लीजिए किसी गाँव का बच्चा अपने पिता के साथ खेत जाता है। वहाँ वह देखता है कि समय पर बीज बोना, पानी देना और धैर्य रखना कितना जरूरी है। यह उसे किताब में नहीं सिखाया गया, फिर भी उसने बहुत कुछ सीख लिया। यही जीवन आधारित शिक्षा है।

इसी तरह कक्षा में जब शिक्षक बच्चों को सिर्फ उत्तर याद कराने के बजाय यह समझाते हैं कि "यह ज्ञान हमारे जीवन में कहाँ काम आएगा", तब सच्ची शिक्षा होती है।

🎯 शिक्षा का असली उद्देश्य

अच्छे इंसान बनाना

आत्मनिर्भर बनाना

समाज के प्रति जिम्मेदार बनाना

सोचने और समझने की शक्ति देना

🌱 सीख (Takeaway)

शिक्षा वह दीपक है, जो केवल परीक्षा पास नहीं कराता, बल्कि पूरे जीवन को प्रकाश देता है।




.................✍️

मनोज कुमार झा

प्रधानाध्यापक

राज़कीयकृत म. वि. सर्वोदय

बेतिया, प. चम्पारण।



अगर आप भी अपनी रचनाओं के लिए "चम्पारण-ज्ञनाग्रह" में जगह चाहते हैं तो अपनी रचनाओं को अपने नाम, पता और फ़ोटो के साथ इस न. पर व्हॉट्सएप करें।

9939671700//9798660088//9473329076//9576503100

आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

अनुभाग-8

# "परीक्षा पर चर्चा "

13.01.2026

## "रिवीजन की कला: याददाश्त को मजबूत बनाने का राज"

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का 'परीक्षा पर चर्चा' (PPC) 2026 अब एक वैश्विक जन-आंदोलन बन चुका है! रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 11 जनवरी 2026 को समाप्त होने के बाद, यह कार्यक्रम पिछले वर्ष के गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड (3.53 करोड़) को ध्वस्त करते हुए 4.30 करोड़ से अधिक रजिस्ट्रेशन के साथ नया इतिहास रच चुका है। इनमें लगभग 4 करोड़ छात्र, 24 लाख शिक्षक और 5.7 लाख अभिभावक शामिल हैं। #ExamWarriors की यह लहर साबित करती है कि परीक्षा अब तनाव नहीं, बल्कि उत्साह और आत्मविश्वास का प्रतीक है। PM मोदी जी ने खुद सोशल मीडिया पर Exam Warriors को प्रेरित किया – "शांत रहो, आत्मविश्वास रखो, सफलता तुम्हारी है!"

आज का विषय है "रिवीजन की कला" – जो परीक्षा में याददाश्त को चमकाने वाली सबसे प्रभावी रणनीति है। प्रधानमंत्री जी अक्सर कहते हैं, "पढ़ाई दो बार करो – एक बार समझने के लिए, दूसरी बार याद रखने के लिए।" बिना अच्छे रिवीजन के मेहनत बिखर जाती है, लेकिन स्मार्ट रिवीजन से जानकारी लंबे समय तक दिमाग में रहती है।

छात्रों के लिए व्यावहारिक टिप्स:

स्पेस्ड रिवीजन: आज पढ़ा, कल रिवाइज, फिर 3 दिन बाद, फिर 1 सप्ताह बाद – इससे लंबी याददाश्त मजबूत होती है।

एक्टिव रिकॉल: किताब बंद करके याद करने की कोशिश करें। फ्लैशकार्ड्स या स्व-टेस्टिंग सबसे अच्छा तरीका है।

माइंड मैप्स: पूरे चैप्टर को एक पेज पर डायग्राम बनाकर रिवाइज करें – विजुअल मेमोरी तेज होती है।

शॉर्ट नोट्स: अपनी भाषा में की-पॉइंट्स लिखें, रंगों का इस्तेमाल करें। रोज 1-2 घंटे सिर्फ रिवीजन के लिए रखें।

ग्रुप रिवीजन: दोस्तों के साथ डिस्कस करें – दूसरों को समझाना खुद को मजबूत बनाता है।

अभिभावकों के लिए सलाह: बच्चों को रिवीजन के लिए शांत समय दें। उनकी छोटी सफलताओं की तारीफ करें, जैसे "तुमने आज इतना अच्छा रिवाइज किया!" इससे मोटिवेशन बढ़ता है।

शिक्षकों के लिए: कक्षा में 'रिवीजन राउंड' शुरू करें – क्विज, ग्रुप डिस्कशन या पीयर टीचिंग। PPC से प्रेरित कई छात्रों ने बताया कि स्पेस्ड रिवीजन अपनाने से उनकी याददाश्त 2-3 गुना बेहतर हुई और परीक्षा में आत्मविश्वास बढ़ा।

रिवीजन परीक्षा की असली ताकत है – यह न केवल अंक दिलाता है, बल्कि आत्मविश्वास भी। याद रखें, परीक्षा जीवन का एक छोटा अध्याय है, इसे खुशी और स्मार्ट तरीके से जीतें। #ExamWarriors, आपकी मेहनत रंग लाएगी! कल नए प्रेरक टिप्स के साथ फिर मिलेंगे। जय हिंद!






..................✍️
रवीन्द्र कुमार
ज़िला शिक्षा पदाधिकारी
प. चम्पारण, बेतिया।

आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

Reg. No. BR/2025/0487469

# "चम्पारण-ज्ञानाग्रह"

**आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏**

# Thank You..

**बच्चों के हितार्थ अपना बहुमूल्य समय देने के लिए...!!!**




**संपादक:-**

**शैलेन्द्र कुमार**

'प्रधान शिक्षक'

Govt. PS बोदसर,

बगहा-2, प. चम्पारण।

(10010803702)

📱-9939671700


अगर आपके मन में कोई नया विचार, कोई इवेंट, कोई एक्टिविटी या किसी बदलाव की पहल है, तो कृपया टीम में बताइए।

+917250818080

teachersofbihar@gmail.com

+917250818080

www.teachersofbihar.org